(आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78) O.I.G.S. डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

राजस्थान रोज़गार संदेश पाक्षिक

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 44 अंक 16 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 1 अक्टूबर, 2021 फोन : 0141-2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु.

मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना
युवा सपनों को करें साकार

युवाओं को बेरोजगारी के दंश से मुक्त करने में सहायता प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना का प्रारम्भ 01 फरवरी, 2019 को किया गया। इस योजना में पात्र स्नातक उत्तीर्ण बेरोजगारों को 3000 रूपये प्रतिमाह एवं दिव्यांग, महिला व ट्रांसजेण्डर बेरोजगारों को 3500 रूपये प्रतिमाह बेरोजगारी भत्ते के रूप में दिया जा रहा है। अधिकतम 2 वर्ष के लिये बेरोजगारी भत्ता दिया जायेगा एवं अधिकतम 1 लाख 60 हजार को एक वर्ष में भत्ता स्वीकृत किया जायेगा।

योजना की पात्रता -

- राजस्थान का मूल निवासी, स्नातक बेरोजगार।
- अधिकतम आयु सीमा 30 वर्ष एवं महिला, दिव्यांग, ट्रांसजेण्डर, अनुसूचित जाति व जनजाति के आशार्थियों के लिये 35 वर्ष।
- रोजगार कार्यालय में ऑनलाईन पंजीकृत।
- अन्य भत्ता, छात्रवृति व पेंशन सहायता नहीं प्राप्त कर रहा हो।
- बेरोजगार आशार्थी के परिवार की आय 2 लाख वार्षिक से कम हो।

7. परिवारिक आय प्रमाण-पत्र(प्रपत्र-I व प्रपत्र-K)

8. अनुसूचित जाति/जनजाति, निशक्तजन प्रमाण पत्र यदि कोई हो तो।

प्रगति -

1. मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के अन्तर्गत योजना प्रारम्भ दिनांक 01.02.2019 से 31.07.2021 तक 2,51,984 स्नातक(पात्र) बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृत कर लाभांवित किया गया है। इस अवधि में बेरोजगारी भत्ते के रूप में कुल 1077.47 करोड़ रूपये का भुगतान किया जा चुका है।
2. मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के अन्तर्गत 1.4.2021 से 31.07.2021 तक कुल वितरित राशि रूपये 234.94 करोड़ वितरित की गई। जिसमें से सामान्य श्रैणी के आशार्थियों को कुल 173.45 करोड़, अनुसूचित जाति के आशार्थियों को 27.23 करोड़ राशि तथा अनुसूचित जनजाति के आशार्थियों को 34.26 करोड़ रूपये की राशि भते के रूप में वितरित की गई।
3. दिसम्बर 2018 से 31.07.2021 तक मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना के अन्तर्गत पात्र स्नातक बेरोजगारों को कुल 1091.37 करोड़ रूपये की राशि भत्ते के रूप में वितरित की गई।





आवेदन प्रक्रिया -

बेरोजगारी भत्ता हेतु पात्र आशार्थी स्थानीय रोजगार कार्यालय में अपनी एस.एस.ओ. आईडी अथवा ई-मित्र से ऑनलाईन आवेदन करेगा। ई-मित्र से आवेदन का शुल्क 50 रूपये है। आवेदन के साथ निम्न प्रमाण पत्र ई-साईन कर अपलॉड करने होगें।

1. स्वघोषित आवेदन पत्र

2. हस्ताक्षरित स्वघोषणा

3. मूल निवास प्रमाण पत्र

4. जन्म तिथि हेतु सैकण्ड्री प्रमाण पत्र

5. स्नातक प्रमाण-पत्र

6. स्वयं के बचत खाते की बैंक पास बुक

राज्य सरकार की बजट घोषणा वर्ष 2021-22 के बिन्दु संख्या 56 के अनुसरण में मुख्यमंत्री युवा सम्बल योजना 2019 को और बेहतर बनाते हुए राजस्थान राज्य में स्नातक बेरोजगार आशार्थियों को एम्प्लॉयबल बनाने हेतु युवाओं को तीन माह का प्रशिक्षण दिलवाकर विभिन्न विभागों में 4 घन्टे प्रतिदिन इन्टर्नशिप करवायी जायेगी। इससे युवाओं में न केवल कौशल प्रशिक्षण को बढ़ावा मिलेगा बल्कि युवाओं को कार्य अनुभव से सीखने को भी मिलेगा।

युवाओं को बेरोजगारी भत्ते में एक हजार रूपये की वृद्धि कर 4000 रूपये प्रतिमाह सामान्य आशार्थी एवं महिला, ट्रांसजेण्डर व निःशक्तजन को 4500 रूपये प्रतिमाह मिलेगें। राज्य सरकार ने युवाओं में योजना की लोकप्रियता को देखते हुए वर्तमान में 1 लाख 60 हजार की सीमा को बढ़ाकर अधिकतम 2 लाख युवाओं को लाभांवित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

IndianOil

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार का एक उपक्रम)

IndianOil

CIN - L 23201 MH 1959 GOI 011388

विज्ञापन सं. : गुवाहाटी – GR/P/Rectt./21; बरौनी – BR/HR/RECTT/OR/2021-22; गुजरात – JR/Rect/01/2021; हल्दिया – PH/R/01/2021; मथुरा – MR/HR/RECT/JEA(AI)/2021-22; पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी) – PR/P/46 (2021-22); डिगबोई – DR/R2/2021; बोंगाईगांव – BGR/01/2021; पारादीप – PDR/HR/01/Rectt-21

अनुभवी गैर–कार्यकारी कार्मिक की आवश्यकता

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), तेल, गैस, पेट्रोकेमिकल्स और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों में उपस्थिति के साथ एक विविध, एकीकृत ऊर्जा प्रमुख है। महारत्न दर्जा के साथ यह संगठन देश की ऊर्जा जरूरतों को प्रमुखता से पूरा करता है और 'भारत की ऊर्जा' और 'एक वैश्विक रूप से प्रशंसित कंपनी' बनने की इच्छा रखता है।

इंडियनऑयल साल दर साल काम करने हेतु भारत की सर्वश्रेष्ठ कंपनियों में से एक रही है और इसे राष्ट्र–निर्माताओं के बीच सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता के रूप में मान्यता दी गई है। अपने भविष्य के विकास के लिए इंडियनऑयल गुवाहाटी, डिगबोई और बोंगाईगांव (असम), बरौनी (बिहार), वडोदरा (गुजरात), हल्दिया (पश्चिम बंगाल), मथुरा (उत्तर प्रदेश), पानीपत {पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स (पीआरपीसी)} (हरियाणा) और पारादीप (ओडिशा) में अपनी रिफाइनरियों/पेट्रोकेमिकल यूनिट के विभिन्न पदों पर चयन के लिए उज्ज्वल, युवा एवं ऊर्जावान व्यक्तियों, जो भारतीय नागरिक हैं, से **25,000–1,05,000/– रुपये** के वेतनमान पर आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों की संख्या, आरक्षण, शैक्षिक योग्यता, अनुभव मानदंड और अन्य पात्रता मानदंड/मापदंड निम्नानुसार होगी:

क) पदों और आरक्षण की संख्या

पोस्ट कोड	पद का नाम	रिफाइनरी	कुल	रिफाइनरी के अनुसार रिक्तियां						टिप्पणी
				अनारक्षित	ईडब्ल्यूएस	अ.जा.	अ.ज.जा.	ओबीसी (एनसीएल)	पीडब्ल्यूबीडी	
201	जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (प्रोडक्शन)	गुवाहाटी	28	11	3	3	3	8	0	0
		बरौनी	23	10	2	4	0	7	0	0
		गुजरात	46	19	4	3	8*	12	0	*01 अ.ज.जा. बैकलॉग सहित
		मथुरा	33	14	3	7	0	9	0	0
		पीआरपीसी, पानीपत	50	21	5	10	0	14	0	0
		डिगबोई	45	19	5	3	5	13	0	0
		बोंगाईगांव	13	5	1	1	2	4*	0	*01 ओबीसी (एनसीएल) बैकलॉग सहित
		पारादीप	58	28	5	9	8	8*	0	*01 ओबीसी (एनसीएल) बैकलॉग सहित
202	जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (पी एंड यू)	गुवाहाटी	3	2	0	0	0	1	0	0
		बरौनी	2	1	0	0	0	1	0	0
		गुजरात	5	2	1	1	1	0	0	0
		मथुरा	6	2	1	1	0	2	0	0
		डिगबोई	13	6	1	1	1	4	0	0
		बोंगाईगांव	6	2	1	0	1	2	0	0
203	जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (इलेक्ट्रिकल)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV *गुवाहाटी, बरौनी, गुजरात, मथुरा, डिगबोई और बोंगाईगांव रिफाइनरी के लिए* जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (पी एंड यू–ओ एंड एम) *पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स एवं पारादीप रिफाइनरी के लिए*	गुवाहाटी	4	2	0	0	1	1	2 (01 पीएल–ओएच–ओए/ओएल, 01 विभिन्न विकलांगता से संबंधित@)	0
		बरौनी	2	1	0	1	0	0	0	0
		गुजरात	3	2*	0	1	0	0	02 (01–पीएल + 1*)	*बैकलॉग 01 पीएल के लिए ($)
		मथुरा	11	5	1	3	0	2	5 (01 पीवी, 01 पीएच–एचएच + 3*)	*बैकलॉग 01–पीएच–एचएच ($)/01–पीएल ($)/01–पीवी ($)
		पीआरपीसी, पानीपत	16	8	1	3	0	4	0	0
		डिगबोई	4	2	0	0	1	1	1 (पीएच–एचएच)	0
		बोंगाईगांव	2	1	0	0	1	0	1 (पीवी)	0
		पारादीप	23	10	2	4	5	2	0	0
204	जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (मैकेनिकल)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV	गुवाहाटी	5	2	1	0	1	1	2 (1 पीवी, 1 पीएच–एचएच)	0
		बरौनी	2	1#	0	0	0	1*	0	बैकलॉग–*01 ओबीसी–एनसीएल और #01 विभिन्न विकलांगता@ ($)
		गुजरात	1	1*	0	0	0	0	0	*बैकलॉग–पीएच ($) के लिए
		पीआरपीसी, पानीपत	6	2	1	1	0	2	2* (पीवी)	*बैकलॉग ($)
		डिगबोई	4	2	0	0	1	1	1 (पीवी)	0
		बोंगाईगांव	5	3	1	0	0	1	1 (विभिन्न विकलांगता से संबंधित@)	0
		पारादीप	9	5	1	1	1	1	2 (1–पीवी, 1–विभिन्न विकलांगता से संबंधित@)	0
205	जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (इंस्ट्रूमेंटेशन)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट	गुवाहाटी	1	1	0	0	0	0	0	0
		बरौनी	5	1	0	3*	0	1	1 पीएल	*बैकलॉग
		गुजरात	1	1*	0	0	0	0	0	*बैकलॉग–पीएच–एचएच ($) के लिए
		हल्दिया	3	1	1	0	0	1	0	0
		मथुरा	4	0	0	0	0	4*	01–पीएल/01–विभिन्न विकलांगता से संबंधित@#	*बैकलॉग–ओबीसी–एनसीएल #बैकलॉग ($)
		पीआरपीसी, पानीपत	6	2	1	1	0	2	3* (2 पीएच–एचएच, 1 पीएल)	*बैकलॉग ($)
		डिगबोई	5	2	1	0	1	1	1 (पीएल–ओएच–ओए/ओएल)	0
		बोंगाईगांव	3	2	0	0	0	1	1 (पीएच–एचएच)	0
		पारादीप	9	5	1	1	1	1	2 (1–पीएच–एचएचए 1–पीएल–ओएच–ओए/ओएल)	0
206	जूनियर क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट–IV	गुवाहाटी	1	1	0	0	0	0	0	0
		बरौनी	5	3	0	1*	0	1	0	*बैकलॉग–अ.जा. एवं पीएच–एचएच ($) के लिए
		गुजरात	4	2	0	1*	1	0	2 (01–पीवी, 01–विभिन्न विकलांगता से संबंधित@)	*बैकलॉग
		हल्दिया	2	1	0	0	0	1	0	0
		पीआरपीसी, पानीपत	5	2	1	1	0	1	1* (पीएल)	*बैकलॉग ($)
		डिगबोई	7	3	1	1	1	1	0	0
		बोंगाईगांव	5	2	0	0	2*	1	2* (पीएल–ओएच–ओए/ओएल)	*01 बैकलॉग सहित–अ.ज.जा. एवं पीएल–ओएच–(ओए/ओएल)($) के लिए
207	जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (फायर एवं सेफ्टी)	गुवाहाटी	2	1	0	0	0	1	0	0
		गुजरात	4	2	0	0	1	1	0	0
		हल्दिया	2	1	0	1	0	0	0	0
		मथुरा	2	1	0	0	0	1	0	0
		पीआरपीसी, पानीपत	4	2	0	1	0	1	0	0
210	जूनियर मैटेरियल असिस्टेंट–IV/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV	बरौनी	1	1*	0	0	0	0	0	*बैकलॉग–विभिन्न विकलांगता@($) के लिए
		गुजरात	3	3*	0	0	0	0	0	*बैकलॉग–1 पीएच–एचएच($)/2पीएल–ओएच–ओए/ओएल ($) के लिए
211	जूनियर नर्सिंग असिस्टेंट–IV	बरौनी	1	0	0	0	0	1*	0	*बैकलॉग

(क्रमशः)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

($) पीडब्ल्यूबीडी के अंतर्गत अन्य 3 उप–श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवार (नोट 3 देखें) भी इस शर्त के साथ आवेदन कर सकते हैं कि अधिसूचित उप–श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार के अनुपलब्धता की स्थिति में, रिक्ति को किसी अन्य उप–श्रेणियों से भरा जाएगा।
पूर्व सैनिकों (एक्सएसएम) को आरक्षण भारत सरकार के दिशा निर्देशों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।
पीडब्ल्यूबीडी और भूत–पूर्व सैनिकों की श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों के लिए निर्धारित आरक्षण हॉरिजॉन्टल आधार पर सरकारी दिशा निर्देशों के अनुसार प्रदान किया जाएगा।

यूआर–अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस–आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, अ.जा.–अनुसूचित जाति, अ.ज.जा–अनुसूचित जन जाति, ओबीसी (एनसीएल)–अन्य पिछड़ा वर्ग–नॉन–क्रीमी लेयर, पीडब्ल्यूबीडी–बेंचमार्क विकलांगता से संबंधित व्यक्ति,
@ पीडब्ल्यूबीडी विभिन्न विकलांगता के लिए–नोट 3 देखें, जो कि नीचे संलग्न है।

नोट :

1. पदों को कार्य व्यवस्था के माध्यम से एक, दो एवं तीन शिफ्ट के अंतर्गत संचालित किया जाता है। पदधारियों को कार्य की आवश्यकता के आधार पर किसी भी कार्य व्यवस्था के अंतर्गत कर्तव्यों को निभाना पड़ेगा।
2. उपरोक्त दर्शाई गई रिक्तियां अनुमानित हैं और नियुक्ति के समय प्रबंधन के विवेकानुसार तथा आरक्षण के संबंध में शासकीय दिशानिर्देशों के अनुपालन में संगत श्रेणियों में यह संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
3. पेट्रोलियम रिफाइनिंग एक जटिल एवं जोखिमभरी प्रक्रिया है और बेंचमार्क विकलांग श्रेणी (40 प्रतिशत या उससे अधिक) से संबंधित उम्मीदवारों की भर्ती हेतु ऊपर बताए गए पदों/संख्याओं के लिए ही विचार किया जा सकता है।

विकलांग व्यक्तियों के अधिकार संबंधी अधिनियम 2016 – धारा 2 (आर) यह निर्धारित करता है कि "बेंचमार्क विकलांगता से संबंधित व्यक्ति" जो कि विधिवत प्रमाणित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित होने के साथ:

- निर्दिष्ट विकलांगता 40 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए, जहाँ निर्दिष्ट विकलांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित नहीं किया गया है और
- विकलांगता जहां निर्दिष्ट विकलांगता को मापने योग्य शर्तों में परिभाषित किया गया है।

उम्मीदवारों को विकलांग व्यक्तियों के अधिकारों के साथ विकलांगता के नियम, 2017 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है और यदि वे ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के रूप में उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा। बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति को उन्हें सौंपे गए कार्य को पूरा करने में/उपयुक्त सहायक साधनों और उपकरणों का उपयोग करते हुए निर्देश प्राप्त करने में सक्षम होना चाहिए। पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों से संबंधित उम्मीदवारों की नियुक्ति कोड 203 (केवल जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट – IV (इलेक्ट्रीशियन)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट – IV पदों के लिए) {बरौनी रिफाइनरी को छोड़कर}, 204, 205, 206 और 210 के लिए अधिसूचित श्रेणियों के अंतर्गत चिह्नित पदों के लिए निम्नानुसार श्रेणियों से होगी।

1. पीवी– कम दृष्टि
2. पीएच– श्रवणबाधिता, बधिर
3. पीएल–स्नायु–ढांचा (ओएच–ओए/ओएल), बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्तिष्क पक्षाघात, उपचारित कुष्ठ रोग)
4. मल्टीपल/विभिन्न विकलांगता (उपरोक्त 1, 2 या 3 का मिश्रण)

पी–शारीरिक; वी–दृष्टि; एच–श्रवण;
एल–लोकोमोटर्स; ओ–ऑर्थोपेडिक;
ओए–एक बाँह;
ओएल–एक पैर;

एक जोखिम भरा उद्योग होने के नाते, उपरोक्त के अलावा अन्य विकलांग **श्रेणी के साथ पीडब्ल्यूबीडी** की तैनाती उन्हें **जोखिम में डाल सकती है**, इसलिए उनको शामिल नहीं किया गया।

ख) योग्यता एवं अनुभव मानदंड:

1. पद–अनुसार योग्यता और आवश्यक अनुभव

क्रम सं.	पद का नाम	पोस्ट कोड	योग्यता (केवल भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम)	अनुभव का क्षेत्र
I	**जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (प्रोडक्शन)**	**201**	किसी भी मान्यता प्राप्त **विश्वविद्यालय/संस्थान** से केमिकल/रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग में **3 वर्ष** का डिप्लोमा या बी.एससी. (गणित, फिजिक्स, केमेस्ट्री **या औद्योगिक केमेस्ट्री) जिसमें** सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित **उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत** अंक एवं आरक्षित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा. **श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों** के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत **अंक अनिवार्य है।**	**शैक्षणिक** योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी/पेट्रोकेमिकल्स/**फर्टिलाइजर**/हेवी केमिकल/गैस प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में पंप हाउस, फायर्ड हीटर, **कंप्रेसर**, डिस्टिलेशन कॉलम, रिएक्टर, हीट एक्सचेंजर इत्यादि को (**रोटेटिंग शिफ्ट** में) संचालित करने का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।
II	**जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (पी एंड यू)**	**202**	किसी **भी** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मेकैनिकल या इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा एवं बॉयलर योग्यता प्रमाण पत्र (प्रथम श्रेणी या द्वितीय श्रेणी) बशर्ते कि निर्धारित मापदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवारों की पर्याप्त संख्या में उपलब्ध न होने पर निम्नलिखित योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों पर भी विचार किया जा सकता है: 1. **मैट्रिक** एवं आईटीआई (फिटर) के साथ बॉयलर योग्यता **प्रमाणपत्र** (प्रथम **श्रेणी या** द्वितीय श्रेणी) 2. **बी.एस.सी (पीसीएम) के साथ बॉयलर ट्रेड में शिक्षुता प्रशिक्षण** 3. किसी **भी** मान्यता प्राप्त **विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल या** इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में **3 वर्ष का डिप्लोमा जिसमें** सामान्य **और** अ.पि.व. की श्रेणी से **संबंधित उम्मीदवारों** के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। **नीचे दी गई शर्त के अधीन:** *उपरोक्त श्रेणी (2) और (3) के तहत चयनित और बॉयलर संचालन में तैनात उम्मीदवार को निगम की सेवाओं में शामिल होने के चार साल के भीतर बॉयलर योग्यता प्रमाण पत्र (द्वितीय श्रेणी का) प्राप्त करने का शपथ पत्र देना होगा।*	• डिप्लोमा/मैट्रिक के साथ आईटीआई (फिटर) और बॉयलर योग्यता प्रमाण पत्र या बी.एससी. की डिग्री के साथ बॉयलर शिक्षुता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए किसी और अनुभव की आवश्यकता नहीं है। • डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवारों के लिए: **शैक्षणिक** योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी/ पेट्रोकेमिकल्स/हेवी केमिकल/फर्टिलाइज़र/ पावर प्लांट्स/बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में इंडस्ट्रियल बॉयलर/ एचआरएसजी/थर्मल पावर स्टेशन डीएम प्लांट/आरओ प्लांट/एयर कम्प्रेसर/स्टीम टर्बाइन/गैस टर्बाइन कूलिंग टॉवर/आरओ प्लांट/एयर कंप्रेसर इत्यादि के संचालन में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव
III	**जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (इलेक्ट्रिकल)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV** *गुवाहाटी, बरौनी, गुजरात, मथुरा, डिगबोई और बोंगाईगांव रिफाइनरी के लिए* **जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (पी एंड यू – ओ एंड एम)** *पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और पारादीप रिफाइनरी के लिए*	**203**	**गुवाहाटी, गुजरात, मथुरा, डिगबोई और बोंगाईगांव रिफाइनरी के लिए** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा जिसमें सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित/चिन्हित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है। **बरौनी, पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और पारादीप रिफाइनरी के लिए** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा जिसमें सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।	**गुवाहाटी, बरौनी, गुजरात, मथुरा, डिगबोई और बोंगाईगांव रिफाइनरी के लिए** शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी / पेट्रो–केमिकल / हेवी केमिकल / फर्टिलाइज़र / पावर प्लांट्स / बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में पावर जेनेरेटर / सब–स्टेशन (0.4 केवी एवं 6.6 केवी के स्तर के एचटी / एलटी या इससे ऊपर के) का वितरण / एचटी / एलटी स्विच गियर्स (पीसीसी / एमसीसी) का रखरखाव / ट्रांसफॉमर्स / मोटर्स / एसीबीएस / वीसीबीएस / यूपीएस / बैटरी चार्जर / वैरिएबल स्पीड ड्राईव्स / इलेक्ट्रोमैगनेटिक सहित प्रोटेक्टिव रिले / स्टेटिक / न्यूमेरिकल रिले इत्यादि के संचालन में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव **केवल पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और पारादीप रिफाइनरी के लिए** • शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी / पेट्रो–केमिकल / हेवी केमिकल / फर्टिलाइज़र/ पावर प्लांट्स / बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में पावर जेनेरेटर / सब–स्टेशन (0.4 केवी एवं 6.6 केवी के स्तर के एचटी / एलटी या इससे ऊपर के) का वितरण / एचटी/एलटी स्विच गियर्स (पीसीसी / एमसीसी) का रखरखाव / ट्रांसफॉमर्स / मोटर्स / एसीबीएस / वीसीबीएस / यूपीएस / बैटरी चार्जर / वैरिएबल स्पीड ड्राईव्स / इलेक्ट्रोमैगनेटिक सहित प्रोटेक्टिव रिले / स्टेटिक / न्यूमेरिकल रिले इत्यादि के संचालन में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव **और/या** • शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी / पेट्रोकेमिकल / हेवी केमिकल / फर्टिलाइज़र / पावर प्लांट्स / बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में इंडस्ट्रियल बॉयलर / एचआरएसजी / थर्मल पावर स्टेशन डीएम प्लांट / आरओ प्लांट / एयर कम्प्रेसर / स्टीम टर्बाइन / गैस टर्बाइन कूलिंग टॉवर / आरओ प्लांट / एयर कंप्रेसर इत्यादि के संचालन में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव

(क्रमशः)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

क्रम सं.	पद का नाम	पोस्ट कोड	योग्यता (केवल भारतीय विश्वविद्यालयों/संस्थानों से पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम)	अनुभव का क्षेत्र
IV	**जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (मैकेनिकल)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV**	**204**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा जिसमें सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित/चिन्हित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है व मैट्रिक के साथ फिटर ट्रेड में आईटीआई पास हो।	शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी/पेट्रो–केमिकल/हेवी केमिकल/फर्टिलाइज़र/ पावर प्लांट्स/बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में रोटरी उपकरण जैसे कंप्रेसर, गैस/स्टीम टर्बाइन, बॉयलर, कॉलम, वाल्व, पंप, मैकेनिकल सील/ड्राई गैस सील, बियरिंग्स (जर्नल/एंटी–फ्रिक्शन), सेफ्टी वॉल्व इत्यादि के रखरखाव/ओवरहालिंग में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव
V	**जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (इंस्ट्रूमेंटेशन)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV**	**205**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से इंस्ट्रूमेंटेशन/इंस्ट्रूमेंटेशन एवं इलेक्ट्रॉनिक्स/इंस्ट्रूमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा जिसमें सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित/चिन्हित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।	शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी/पेट्रोकेमिकल/हेवी केमिकल/फर्टिलाइज़र/ पावर प्लांट्स/गैस प्रोसेसिंग इंडस्ट्री/बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में आधुनिक किस्म के इंस्ट्रूमेंटेशन कंट्रोल सिस्टम जैसे इलेक्ट्रॉनिक फील्ड इंस्ट्रूमेंटेशन के साथ डीसीएस, पीएलसी, कंट्रोल वाल्व, स्मार्ट पोजिशनर्स, लूप कॉन्फिगरेशन, ऑनलाइन एनालाइजर कंडीशन मॉनिटरिंग, केबलिंग, अर्थिंग इत्यादि के रखरखाव में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव
VI	**जूनियर क्वालिटी कंट्रोल एनालिस्ट–IV**	**206**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से फिजिक्स, केमिस्ट्री/औद्योगिक केमिस्ट्री एवं गणित के साथ बी.एससी. जिसमें सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित/चिन्हित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।	शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी/पेट्रो–केमिकल/हेवी केमिकल/गैस प्रोसेसिंग इंडस्ट्री/फर्टिलाइज़र/पावर प्लांट्स/बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में एचपीएलसी, एक्सआरएफ, डब्लूडीएक्सआरएफ, जीसी, आईसीएपी, एएएस, ऑटो एनालाइजर, फ्लैश प्वाइंट इत्यादि इंस्ट्रूमेंट के संचालन में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव
VII	**जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट–IV (फायर एवं सेफ्टी)**	**207**	मैट्रिक एवं उप–अधिकारी पाठ्यक्रम मे एनएफएससी–नागपुर या समकक्ष मान्यता प्राप्त संस्थान (नियमित पाठ्यक्रम) के साथ **भारी वाहन की ड्राइविंग लाइसेंस** **शारीरिक मानदंड** **लंबाई** : न्यूनतम 165 से.मी. (गढ़वाली, असमी गोरखा और अ.ज.जा. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए **5 से.मी. की छूट)** **छाती : बिना फुलाव के साथ 81 से.मी. एवं फुलाव के साथ** 86 से.मी. **(न्यूनतम 5 से.मी. का पूर्ण रूप से फुलाव)** **वजन :** न्यूनतम 50 कि.ग्रा. **अयोग्यता:** 35 वर्ष की आयु तक के उम्मीदवारों के लिए : **प्रणालीगत** भागीदारी के **साथ बीएमआई** 28 से अधिक; 35 वर्ष की आयु से **अधिक के** उम्मीदवारों के लिए : प्रणालीगत भागीदारी के साथ बीएमआई **30 से अधिक** **चिकित्सा मानक :** क) दृष्टि–सही आँखें–**बिना सहायता के** 6/6 (योग्य दृष्टि–केवल 6/6) खराब आँखें – **6/12** ख) रंग दृष्टिहीनता **रहित** ग) रतौंधी **रहित** घ) नॉक–**नी, फ्लैट फुट,** स्क्विंट **आंखें और हकलाना इत्यादि नहीं** होना **चाहिए** {कृपया क्लॉज ट (2) भी **देखें**}	शैक्षणिक योग्यता के उपरांत पेट्रोलियम रिफाइनरी/पेट्रो–केमिकल/हेवी केमिकल/गैस प्रोसेसिंग इंडस्ट्री/फर्टिलाइज़र/पावर प्लांट्स/बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अग्नि एवं सुरक्षा व्यवस्था के अंतर्गत अग्निशमन उपकरण, फायर वाटर नेटवर्क, संबंधित संचार प्रणाली, आपातकालीन प्रबंधन, अग्निशमन, फायर टेंडर/पंप–हाउस इत्यादि के संचालन में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव
VIII	**जूनियर मैटेरियल असिस्टेंट–IV/ जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट–IV**	**210**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इंस्ट्रुमेंटेशन इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा जिसमें सामान्य **और** अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम **50 प्रतिशत** अंक एवं आरक्षित/चिन्हित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.**जा.**/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम 45 **प्रतिशत** अंक अनिवार्य है।	शैक्षणिक योग्यता के उपरांत किसी भी औद्योगिक प्रतिष्ठान में सामग्री विभाग (खरीद, स्टोर और इन्वेंटरी प्रबंधन) में कम्प्यूटर प्रवीणता के साथ न्यूनतम **एक वर्ष** का अनुभव। ईआरपी सिस्टम जैसे एस ए पी के कार्य के बारे में ज्ञान **रखने** वाले को प्राथमिकता दी जाएगी।
IX	**जूनियर नर्सिंग असिस्टेंट–IV**	**211**	किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से **4 वर्ष की बी.एस.सी.** (नर्सिंग) **अथवा** नर्सिंग **एवं मिडवाइफरी** या गायने**कोलॉजी एवं आब्सटेट्रिक्स** में 3 वर्ष **का डिप्लोमा जिसमें सामान्य और अ.पि.व. की श्रेणी से संबंधित** उम्मीदवारों के लिए **न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक एवं आरक्षित** पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा. श्रेणी **से संबंधित उम्मीदवारों के** लिए न्यूनतम 45 प्रतिशत अंक अनिवार्य है।	शैक्षणिक योग्यता के उपरांत नर्सिंग (एवं मिडवाईफरी) या गायनोकोलॉजी एवं ऑब्सट्रिक्स में किसी भी हॉस्पिटल/नर्सिंग होम से न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव। किसी बड़े प्रतिष्ठान के अस्पताल में काम करने के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।

2. उपरोक्त संबंधित पदों के लिए निर्दिष्ट शाखा/विषयों में डिप्लोमा/बी.एससी./आईटीआई को केवल योग्य योग्यता के रूप में माना **जाएगा। निर्दिष्ट शाखा**/विषयों के अलावा अन्य डिप्लोमा/बी.एससी./आईटीआई पर विचार नहीं किया जाएगा।
3. निर्धारित योग्यता किसी मान्यता प्राप्त भारतीय विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित पूर्णकालिक पाठ्यक्रम में होना चाहिए/डिप्लोमा पाठ्यक्रम **(बिना किसी ब्रेक के औद्योगिक प्रशिक्षण के साथ सैंडविच डिप्लोमा कोर्स)** न्यूनतम 50 प्रतिशत (आरक्षित पदों हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और पीडब्ल्यूबीडी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए 45 प्रतिशत) **अंकों के साथ पास होनी** चाहिए। आईटीआई (फिटर) के लिए, केवल पास होना ही मान्य माना जाएगा।
4. मान्यता प्राप्त लेट्रल ऐंट्री स्कीम (कक्षा–बारहवीं (साइंस)/आईटीआई डिप्लोमा पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में भर्ती) के अंतर्गत डिप्लोमा रखने वाले उम्मीदवारों को डिप्लोमा पाठ्यक्रम में 4 सेमेस्टर के कुल अंकों के आधार पर निर्धारित अंकों के प्रतिशत को पूरा करने पर योग्य माना जाएगा।
5. एमएससी (केमिस्ट्री) की योग्यता को पद संख्या 201 एवं 206 के लिए अयोग्य नहीं माना जाएगा। हालांकि, प्रतिशत की आवश्यकता केवल स्नातक स्तर की परीक्षा पर लागू की जाएगी।
6. पोस्ट कोड 202 और 204 के लिए एनसीवीटी/एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त नियमित पूर्णकालिक आईटीआई (फिटर) पाठ्यक्रम पर विचार किया जाएगा।
7. उच्च व्यावसायिक योग्यता जैसे बी.ई./बी.टेक, एमबीए, सीए, एलएलबी, एमसीए या कोई अन्य समकक्ष योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों को उपरोक्त पदों के लिए योग्य नहीं माना जाएगा।
8. निर्धारित योग्यता के समकक्ष योग्यता रखने के किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।
9. इस खंड के प्रयोजन के लिए योग्यता का अर्थ उस योग्यता से होगा जिसके आधार पर उम्मीदवार की पेशकश की जाती है या उम्मीदवार द्वारा दावा किया जाता है।
10. अंशकालिक/पत्राचार/दूरस्थ शिक्षा मोड के माध्यम से योग्यता रखने वाले उम्मीदवार योग्य नहीं माने जाएंगे।
11. पूर्व–सैनिक के मामले में पूर्णकालिक नियमित पाठ्यक्रम के मानदंड पर जोर नहीं दिया जाएगा, बशर्ते कि उनके पास एक आवश्यक योग्यता हो जो कि सेवा अवधि के दौरान अधिग्रहित की गई हो और एआईसीटीई/एमएचआरडी, जीओआई द्वारा मान्यता प्राप्त हो और निर्धारित न्यूनतम प्रतिशत अंकों के साथ प्राप्त किया गया हो।
12. पात्रता प्राप्त करने हेतु तकनीकी या व्यावसायिक प्रकृति के अनुसार निर्धारित कार्य में अनुभव आवश्यक है।
13. पूर्व सैनिकों के लिए, वांछित क्षेत्र में कार्य करने का घोषणा पत्र ही काफी होगा और इसके अलावा किसी कार्य अनुभव से संबंधित दस्तावेज की कोई आवश्यकता नहीं होगी।
14. योग्यता में समानता का दावा करने वाले पूर्व सैनिकों को संबंधित मंत्रालय द्वारा समतुल्यता प्रमाण पत्र की एक कॉपी अनिवार्य रूप सें जमा करनी होगी।
15. आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और प्रमाण पत्र/दस्तावेजों आदि के सत्यापन पर अधीन होगी।
16. उच्च योग्यता प्राप्त करने या अध्ययनरत की जानकारी को छुपाने पर, ऐसे उम्मीदवारों को चयन के किसी भी चरण में अयोग्य ठहराया जा सकता है तथा चयनित होने की स्थिति में निष्कासित किया जा सकता है।

(ग) महत्वपूर्ण दिशानिर्देश :

1. एक उम्मीदवार को केवल एक ही पद के लिए आवेदन करने की अनुमति है। एक उम्मीदवार द्वारा एक से अधिक पदों के लिए, आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में, सभी आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
2. बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान का अर्थ औद्योगिक/निर्माण इकाइयों से है, जिसमें संयंत्र और मशीनरी में तकरीबन 10 करोड़ का निवेश किया हो तथा जो प्रचालन में हो।
   - उम्मीदवारों को उम्मीदवार द्वारा स्व–प्रमाणन के अंतर्गत फिज़िकल आवेदन के साथ प्रतिष्ठान द्वारा प्रकाशित अंतिम बैलेंस शीट के प्रासंगिक पृष्ठ की एक प्रति संलग्न करना आवश्यक है।
   - बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा किसी एजेंसी (ठेकेदार सहित) के माध्यम से या सीधे (या किसी ठेकेदार के माध्यम से) कार्यरत उम्मीदवार, आवेदन करने के लिए पात्र होंगे, बशर्ते कि वे एजेंसी/ठेकेदार को जारी किए गए कार्य आदेश की एक कॉपी बैलेंस शीट के पृष्ठ के साथ प्रस्तुत करें।
3. उम्मीदवार जो स्थानीय रोज़गार कार्यालय/जिला सैनिक पुनर्वास बोर्ड विशेष रोज़गार कार्यालय के साथ पंजीकृत हैं और निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, जिनके नाम इस अधिसूचना के लिए संबंधित रिफाइनरी में प्रायोजित होते हैं, उन्हें ऑनलाइन आवेदन करने की सलाह दी जाती है और यदि वे ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

(घ) महिलाओं के लिए अवसर :

1. किसी भी महिला को ऐसे भवन में काम करने या प्रवेश करने की अनुमति नहीं है, जिसमें पेट्रोलियम अधिनियम 1934 के अनुसार खतराजन्य पेट्रोलियम से गैस का उत्पादन होता है। किसी भी महिला को एलपीजी भंडारण और हैंडलिंग क्षेत्र में काम करने की अनुमति नहीं है।

(क्रमशः)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

2. तदनुसार, प्रोडक्शन की रिक्ति एवं वो कैडर/कार्य क्षेत्रों के लिए जहां शिफ्ट के अनुरूप कार्य करने की आवश्यकता होती है, एक वर्ष में 365 दिन या उपक्रम की आवश्यकता के अनुरूप कार्य करने की अवधि सायं 7.00 बजे से (प्रातः 06.00 बजे तक) है, जिसमें पी एंड यू का संचालन (बॉयलर और इलैक्ट्रिकल), गुणवत्ता का नियंत्रण तथा अग्नि एवं सुरक्षा या रख–रखाव की सेवाएं जो आमतौर पर शिफ्ट्स के रूप में कार्य करती है, के लिए महिला उम्मीदवारी के बारे में विचार नहीं किया जा सकता है। हालांकि, उपरोक्त सीमाओं के अधीन, छूट, यदि कोई हो, तो वह कार्य एवं कार्य करने की आवश्यकताओं और चिन्हित पदों की उपलब्धता के अनुरूप महिलाओं की नियुक्ति की जा सकती है।

ङ) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन– क्रीमी लेयर)/पूर्व–सैनिक/पीडब्ल्यूबीडी/ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षण :

1. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर)/पूर्व–सैनिक/पीडब्ल्यूबीडी और ईडब्ल्यूएस से संबंधित पदों के लिए आरक्षण और छूट उपरोक्त संख्या के संदर्भ में/सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार होगी। ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आरक्षण सरकार के दिशा निर्देश के अुनसार होगी, जो लोक उद्यम विभाग के दिनांक 25.01.2019 के ओ.एम. सं. 20(10)/99–डीपीई–जीएम–पार्ट– 2019–एफटीएस–1517 और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.10.2019 के ओ.एम. सं. 36039/1/2019–ईएसटीटी (आरईएस) द्वारा जारी किया गया है।
2. अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर) से संबंधित उम्मीदवारों को अनारक्षित पदों के अंतर्गत माना जा सकता है, बशर्ते कि आयु, योग्यता इत्यादि में कोई छूट ना दी गई हो।
3. अ.पि.व. श्रेणी के अंतर्गत लाभ का दावा करने के लिए, भारत सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार अ.पि.व. श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में एक नवीनतम जाति प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य है। जो कि विशेष रूप से उल्लेख करेगा कि यह व्यक्तियों/वर्गों (क्रीमी लेयर) से संबंधित नहीं रखता है, जैसा कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, भारत सरकार की दिनांक 13.09.2017 के ओएम सं. 36033/1/2013–ईएसटीटी. (आरईएस.) और दिनांक 08.09. 1993 के ओएम सं. 36012/22/93–ईएसटीटी. (एससीटी) की अनूसूची के खंड 3 में उल्लिखित किया गया है।
4. वे उम्मीदवार जो अ.पि.व. श्रेणी से संबंध रखते हैं लेकिन क्रीमी लेयर में आते हैं, ऐसे उम्मीदवार अ.पि.व. श्रेणी से संबंधित आरक्षण लाभ उठाने के हकदार नहीं होंगे। तदनुसार, ऐसे उम्मीदवार विज्ञापित पदों के लिए आवेदन कर सकते हैं, बशर्ते वे अनारक्षित उम्मीदवारों के लिए लागू आयु मानदंडों को पूरा करते हों और अपनी श्रेणी को "अनारक्षित" के रूप में दर्शाते हों।
5. ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के दिनांक 31.01.2019 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 36039/1/2019–ईएसटीटी (आरईएस) के बिंदु संख्या 5 के तहत निर्धारित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है और यदि वे आवेदन जमा करते वक्त आय और संपत्ति प्रमाण पत्र जमा करने में असमर्थ रहते हैं तो ऐसी स्थिति में उन्हें घोषणा पत्र प्रस्तुत करना होगा। आय और संपत्ति प्रमाण पत्र/घोषणा का प्रारूप www.iocl.com और www.iocrefrecruit.in वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है।
6. वे पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार, जिनकी स्थायी विकलांगता 40 प्रतिशत से कम है, वे उम्मीदवार योग्यता के पात्र नहीं होंगे। पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों को विकलांग व्यक्तियों (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) संशोधित नियम, 2017 के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, यदि वे ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो उनकी उम्मीदवारी को पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के रूप में नहीं माना जाएगा।
7. सेरेब्रल पल्सी की श्रेणी में बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों के मामले में, उम्मीदवारों की इच्छानुसार, उसे स्क्राइब की सुविधा दी जाएगी। बेंचमार्क विकलांग व्यक्तियों की अन्य श्रेणी के मामले में, एक स्क्राइब की अनुमति दी जा सकती है बशर्ते कि वे मुख्य चिकित्सा अधिकारी/सिविल सर्जन/सरकार के चिकित्सा अधीक्षक के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें जिसमें प्रमाणित हो कि वे परीक्षा लिखने के लिए शारीरिक रूप से अक्षम है और उन्हें एक स्क्राइब की आवश्यकता है। प्रमाण पत्र का निर्धारित प्रोफार्मा (परीक्षार्थी को लिखने में शारीरिक सीमा के संबंध में प्रमाण पत्र) है। यदि पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार अपना स्वयं का स्क्राइब लाने का इच्छुक है, तो स्क्राइब की योग्यता परीक्षा देने वाले उम्मीदवार की योग्यता से एक स्तर कम होनी चाहिए। बेंचमार्क विकलांगता वाले व्यक्ति जो स्वयं अपने स्क्राइब/रीडर को चुनते हैं, उन्हें निर्धारित प्रोफार्मा (स्वयं के लेखक का उपयोग करने के लिए वचन पत्र) के अनुसार अपने स्क्राइब/रीडर का ब्यौरा देना चाहिए। दोनों निर्धारित प्रारूप www.iocl.com और www.iocrefrecruit.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार संबंधित रिफाइनरी, जिसके लिए उन्होंने ऑनलाइन आवेदन जमा किया है, की ईमेल आईडी {कृपया नीचे क्लॉज नंबर ढ (14) देखें} पर विधिवत् रूप से पूर्ण और हस्ताक्षरित प्रोफार्मा की स्कैन की हुई प्रति दिनांक **18.10.2021** तक भेजेंगे
8. सशस्त्र बलों में कार्यरत उम्मीदवार सिविल पदों के लिए तभी आवेदन कर सकते हैं जब वे आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि से एक वर्ष के भीतर सशस्त्र बल सेवा की निर्धारित अवधि पूरी करते हो। ऐसे उम्मीदवार को निर्धारित प्रोफार्मा {नियोजित अधिकारियों के लिए प्रमाण पत्र का प्रोफार्मा} जमा करना आवश्यक है। निर्धारित प्रोफार्मा www.iocl.com और www.iocrefrecruit.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट–आउट के साथ विधिवत पूर्ण और हस्ताक्षरित प्रोफार्मा की स्व–सत्यापित प्रति भेजेंगे {नीचे खंड संख्या ढ (5 सी (IX)) देखें)}।
9. सशस्त्र बलों से संबंधित ऐसे उम्मीदवार, जो सशस्त्र बलों से मुक्त/ सेवानिवृत्त/डिस्चार्ज हो चुके हैं और एक पूर्व सैनिक के रूप में आवेदन करने के पात्र है, ऐसे उम्मीदवारों को विधिवत् हस्ताक्षरित एक अंडरटेकिंग {पूर्व सैनिक श्रेणी के तहत सिविल पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों द्वारा दिए जाने वाले अंडरटेकिंग का फॉर्म} जमा करना आवश्यक है। उनके द्वारा यह कहते हुए कि उन्होंने पहले सिविल पक्ष से संबंधित कोई भी नियुक्ति स्वीकृत नहीं की है। निर्धारित प्रारूप www.iocl.com और www.iocrefrecruit.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट–आउट के साथ विधिवत् पूर्ण और हस्ताक्षरित प्रोफार्मा की स्व–सत्यापित प्रति भेजेंगे {नीचे खंड संख्या ढ (5 सी (X)) देखें)}।
10. एक विकलांग व्यक्ति जो कि निर्दिष्ट अनुसूची में सूचीबद्ध है लेकिन धारा 34 (1) के अंतर्गत वह शामिल नहीं किया गया और यदि वह प्रमाणित अधिकारी द्वारा 40 प्रतिशत या उससे अधिक की विकलांगता के रूप में प्रमाणित कर दिया जाता है, तो विकलांग अधिनियम, 2016 के साथ विकलांग व्यक्ति के अधिकारों के प्रावधानों के संदर्भ में उस व्यक्ति को पद कोड 203, (जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट– IV (इलेक्ट्रिकल)/जूनियर टेक्निकल असिस्टेंट– IV पद के लिए केवल) {बरौनी रिफाइनरी को छोड़कर}, 204, 205, 206 और 210 के लिए, जो कि पीडब्ल्यूबीडी के अंतर्गत उपलब्ध है, रियायत/ छूट दी जाएगी और यदि अनारक्षित रिक्तियों की योग्यता के आधार पर उसका चयन किया जाता है, तो उसे योग्य माना जाएगा। 2016 के अधिनियम की धारा 34 (1) के अंतर्गत पीडब्ल्यूबीडी को प्रदान किए गए आरक्षण में उसकी उम्मीदवारी पर विचार/समायोजन नहीं किया जाएगा।

च) अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर)/पीडब्ल्यूबीडी और एक्सएसएम की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अन्य रियायतें/छूट

1. आरक्षित पदों के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक में 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
2. मेलिंग एड्रेस के सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन से लिखित परीक्षा और कौशल/प्रवीणता/शारीरिक परीक्षण (यदि चयनित किया जाता है तो) के स्थान तक और वापसी का सिंगल सेकेंड क्लास रेल किराये की प्रतिपूर्ति वैध टिकट दिखाने पर की जाएगी, जो कि सबसे छोटे रूट के लिए होगी तथा जिसकी दूरी 30 कि.मी. से कम नहीं होनी चाहिए।
3. अ.जा./अ.ज.जा./पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है।

छ) आयु सीमा / अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर)/पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए छूटः

1. दसवीं/उच्च माध्यमिक परीक्षा में उत्तीर्ण होने का सर्टिफिकेट, जो कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो, केवल उसे ही आयु का प्रमाण माना जाएगा।
2. सामान्य श्रेणी उम्मीदवारों के लिए दिनांक **30.09.2021** के अनुसार न्यूनतम आयु 18 वर्ष और अधिकतम आयु 26 वर्ष होनी चाहिए।
3. अ.जा./अ.ज.जा. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आयु में 5 वर्ष की और अ.पि.व. (नॉन–क्रीमी लेयर) की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए आयु में 3 वर्ष की छूट, आरक्षित पदों के लिए दी जाएगी।
4. यदि आरक्षित पदों के लिए विचार किया जाता है, तो पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आयु में 10 वर्ष (अ.जा./अ.ज.जा. की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 15 वर्ष और अ.पि.व. (नॉन क्रीमी लेयर) की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 13 वर्ष) तक की छूट दी जाएगी।
5. पूर्व सैनिक की श्रेणी से संबंधित आरक्षण सरकार के दिशा निर्देश के अनुसार दिया जाएगा अर्थात एक्सएसएम की स्थिति में, उसकी वास्तविक आयु से उसके सैन्य सेवा काल की अवधि में कटौती की जाएगी और यदि परिणामी आयु अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष से अधिक नहीं होती है तो वह आयु सीमा के मापदंड के योग्य माना जायेगा।
6. ऐसे पीडब्ल्यूबीडी/एक्सएसएम उम्मीदवार, जो कि अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व. (एनसीएल) की श्रेणियों से संबंध रखते हैं, वे श्रेणियों के अंर्तगत संचयी आयु में छूट लेने की पात्रता रखते हैं।
7. किसी पद के लिए अधिसूचित अनुभव के न्यूनतम वर्ष के समान आयु में छूट की अनुमति दी जाएगी।
8. इस विज्ञापन में अधिसूचित अनुभव मानदंड के अंतर्गत किसी उद्योग में शिक्षुता प्रशिक्षण {प्रशिक्षु अधिनियम 1961/1973 (संशोधित) के अंतर्गत} की अवधि को पद के लिए प्रासंगिक आयु में छूट के लिए विचार किया जाएगा।
9. इसके अलावा, इस विज्ञापन में अधिसूचित अनुभव मानदंड के अंतर्गत किसी उद्योग में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण की अवधि को पद के लिए आवश्यक अनुभव के रूप में भी माना जा सकता है, हालांकि, ऐसे मामलों में, उम्र के प्रति छूट उपलब्ध नहीं होगी।
10. पोस्ट कोड 202 के लिए बॉयलर योग्यता प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवारों को आयु में अधिकतम एक वर्ष की छूट दी जाएगी।

ज) पात्रता मानदंड के गणना की तिथिः

योग्यता एवं अनुभव रखने और आयु मानदंड को पूरा करने की तिथि **30.09.2021** होगी।

झ) वेतन एवं भत्तेः

निगम के नियम के अनुसार मूल वेतन और डीए (औद्योगिक पैटर्न) के अलावा, अन्य भत्तों/लाभों में एचआरए/आवास (उपलब्धता के अनुसार) मेडिकल सुविधाएं, उत्पादकता संबंधित इंसेंटिव, परफॉरमेंस लिंक्ड इंसेंटिव ग्रेच्युटी, भविष्य निधि, व्यक्तिगत समूह दुर्घटना बीमा, लीव एनकेशमेंट, लीव यात्रा भत्ता/एलएफए, अंशदायी सुपरएनुवेशन बेनिफिट फंड स्कीम, हाउस बिल्डिंग के लिए एडवांस, कन्वेयन्स एडवांस/मेंटेनेंस रिम्बर्समेंट, बच्चों की शिक्षा के लिए भत्ता इत्यादि शामिल है।

ञ) चयन प्रक्रियाः

1. चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और एक कौशल/प्रवीणता/शारीरिक परीक्षण (SPPT) शामिल होगा। SPPT क्वालीफाइंग प्रकृति का होगा।
2. आगे की प्रक्रिया के लिए उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में 40 प्रतिशत अंक लाना अनिवार्य है।
3. लिखित परीक्षा में पास होने के लिए अनिवार्य अंकों में आरक्षित पदों के लिए अ.जा./अ.ज.जा. /पीडब्ल्यूबीडी की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को 5 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।
4. वे उम्मीदवार, जिन्होंने अधिसूचित पदों के अनुरूप गुवाहाटी रिफाइनरी, बरौनी रिफाइनरी, गुजरात रिफाइनरी, डिगबोई रिफाइनरी और बोंगाईगांव रिफाइनरी में आवेदन किया है, उनकी लिखित परीक्षा रिफाइनरी यूनिट के स्थान में आयोजित की जाएगी और वे उम्मीदवार, जिन्होंने अधिसूचित पदों के अनुरूप हल्दिया रिफाइनरी, मथुरा रिफाइनरी, पानीपत रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स और पारादीप रिफाइनरी में आवेदन किया है, उनकी लिखित परीक्षा क्रमशः कोलकाता; दिल्ली; पानीपत एवं दिल्ली; भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी। सही स्थान से संबंधित जानकारी एडमिट कार्ड के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।
5. लिखित परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड सभी **प्रथम दृष्टया पात्रता** रखने वाले उम्मीदवारों को ऑनलाइन–आवेदन पत्र में दिए गए विवरण और आवेदन शुल्क जमा करने (अनारक्षित, ईडब्ल्यूएस एवं अ.पि.व. (एनसीएल) की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए लागू) के आधार पर जारी किए जाएंगे। उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों की जांच लिखित परीक्षा के बाद की जाएगी। केवल उन्हीं उम्मीदवारों को अगली प्रक्रिया के लिए अर्थात कौशल/प्रवीणता/शारीरिक परीक्षण (एसपीपीटी) के लिए बुलाया/विचार किया जाएगा, जो (क) लिखित परीक्षा {खण्ड ञ (7) देखें} के आधार पर चयनित किये जायेंगे और (ख) उम्मीदवारों द्वारा भेजे गए/जमा किए गए दस्तावेजों के सत्यापन पर अधिसूचित पात्रता मानदंड/अन्य मापदंडों को पूरा करते हो।
6. लिखित परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त करने पर उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट किए जाने या अंतिम चयन के लिए चयनित होने का कोई अधिकार व दावा नहीं कर सकता है, बल्कि यह लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों, के आधार पर मैरिट सूची में उम्मीदवार की रैंक, लागू अनुपात, संबंधित श्रेणियों में सापेक्ष प्रदर्शन, संबंधित पदों पर सीटों की संख्या, आरक्षण की स्थिति, अधिसूचित पात्रता मानदंड/अन्य मापदंड और दस्तावेजों के सत्यापन पर आधारित होगा।
7. चयनित उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा में न्यूनतम योग्यता अंक हासिल करने पर 1: 2 (आरक्षित पदों की संख्या पर संज्ञान के साथ एक पद के लिए दो उम्मीदवार) के अनुपात में, कौशल/प्रवीणता/शारीरिक परीक्षण (एसपीपीटी) से गुजरना होगा।
8. एसपीपीटी के लिए चयनित किए गए उम्मीदवार के अंतर्गत अंतिम पोजीशन के लिए लिखित परीक्षा के अंकों की टाई के मामले में, ऐसे सभी उम्मीदवारों को एसपीपीटी के लिए बुलाया जाएगा, भले ही कुल संख्या निर्धारित अनुपात से अधिक हो, यदि सूची बनाते समय अंतिम पोजीशन से पहले कहीं भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो निर्धारित अनुपात के अनुसार अंतिम नाम/अंतिम कुछ नाम हटा दिए जाएंगे।
9. श्रेणी के आधार पर मैरिट लिस्ट कथित शॉर्ट लिस्ट एवं लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी, यह लिस्ट उन उम्मीदवारों के लिए निकाली जाएगी, जो उम्मीदवार एसपीपीटी में पास हुए है।
10. मैरिट लिस्ट में अंतिम स्थान के लिए अंकों की टाई के मामले में, उम्मीदवारों की जन्म तिथि (उम्र से वरिष्ठ) को मान्यता देते हुए उनका नाम मैरिट लिस्ट में डाला जाएगा। हालांकि, अंतिम नाम के रूप में जूनियर का नाम भी कथित तौर पर उक्त मैरिट लिस्ट में रखा जाएगा। यदि सूची बनाते समय अंतिम पोजीशन से पहले कहीं भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है, तो सूची में अंतिम नाम/अंतिम कुछ नाम, निर्धारित अनुपात में हटा दिए जाएंगे।
11. पीडब्ल्यूबीडी (योग्यता या लिखित परीक्षा अर्हक अंकों में छूट का लाभ लेने वाले) और पूर्व सैनिकों से संबंधित उम्मीदवार, यदि उपयुक्त पाए जाते हैं, तो क्षैतिज आरक्षण नीति के आधार पर मैरिट सूची में उनके स्थान को देखे बिना (श्रेणी के अंतर्गत मैरिट के आधार पर) आरक्षित पदों के लिए विचार किया जाएगा।
12. ऐसे पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवार, जो केवल आयु में छूट (पात्रता योग्यता अंकों में/लिखित परीक्षा योग्यता अंक में कोई छूट नहीं) लिए हैं, आरक्षित पद के लिए विचार करने से पहले, उनको मैरिट लिस्ट के आधार पर अनारक्षित पद के लिए विचार किया जाएगा।

(क्रमशः)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

13. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (एनसीएल) की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार, जो कि श्रेणी के अनुसार उपलब्ध आयु या पात्रता योग्यता अंक या लिखित परीक्षा योग्यता अंकों में छूट लिए हैं, ऐसे उम्मीदवारों की चयन सूची में स्थिति जानें बिना आरक्षित पद के लिए विचार किया जाएगा (श्रेणी के अंतर्गत मैरिट के आधार पर)।
14. आवेदक की उम्मीदवारी अनंतिम होगी और प्रमाण पत्र/दस्तावेजों, अनुभव इत्यादि सत्यापन के अधीन होगी। चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर, यदि यह पाया जाता है कि उम्मीदवार ने झूठी या गलत जानकारी दी है तो ऐसे में उम्मीदवार की उम्मीदवारी/नियुक्ति को निरस्त कर दिया जाएगा।
15. रिक्त पदों को भरना पूरी तरह से उम्मीदवारों की उपयुक्तता के आधार पर प्रबंधन के विवेक पर है यदि इनमें से कुछ रिक्तियां उपलब्ध उम्मीदवारों की अयोग्यता या उम्मीदवारों की संख्या में अपर्याप्तता के कारण भरी नहीं गई हैं तो इस संबंध में नियुक्ति के लिए कोई दावा नहीं किया जाएगा।
16. प्रबंधन का निर्णय ही अंतिम माना जाएगा और सभी उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा सभी मुद्दों पर जिसमें पात्रता, आवेदन की स्वीकृति या अस्वीकृति, चयन प्रक्रिया, चयन प्रक्रिया को आंशिक या पूर्ण रूप से निरस्त करना इत्यादि शामिल है। इस संबंध में किसी भी प्रकार का पत्राचार स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ट) नियुक्ति–पूर्व चिकित्सा और शारीरिक स्वस्थता:

1. उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे इंडियनऑयल में नियुक्ति–पूर्व चिकित्सा मापदंडों के अनुसार शारीरिक रूप से स्वस्थ होने चाहिए। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे आवेदन की प्रक्रिया के शुरू होने से पहले नियुक्ति–पूर्व चिकित्सा परीक्षा के लिए "शारीरिक स्वस्थता संबंधी दिशानिर्देशों एवं मापदंडों" को ध्यानपूर्वक देखें और स्वयं को शारीरिक मापदंडों के अनुसार संतुष्ट करें। शारीरिक स्वस्थता संबंधी दिशानिर्देश आवेदन पोर्टल https://www.iocrefrecruit.in/iocrefrecruit/advert_pdf/Preemployment_Medical.pdf लिंक पर उपलब्ध हैं।
2. जूनियर इंजीनियरिंग असिस्टेंट – IV (फायर एंड सेफ्टी) पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को 'योग्यता' (खण्ड सं. ख 1– (VII)) के अंतर्गत निर्धारित शारीरिक मानकों के मानदंड, के अलावा खण्ड सं. ट (1) के अंतर्गत निर्धारित शारीरिक मानकों के मानदंड को भी पूरा करना होगा।

ठ) घोषणा करने का दायित्व:

1. जिन उम्मीदवारों की शारीरिक स्वस्थता की रिपोर्ट में कोई बीमारी, कमी या कोई असामान्यता हैं तथा जो उपरोक्त शारीरिक स्वस्थता के मानदंडों को पूरा नहीं करते हैं, ऐसे उम्मीदवारों को आवेदन जमा करते समय अपनी इस रिपोर्ट के बारे में बताना अनिवार्य है।
2. एक उम्मीदवार को किसी अन्य स्थान/निगम की रिफाइनरी इकाई या सरकारी प्राधिकरण या किसी अन्य पी.एस.यू. द्वारा आयोजित चिकित्सा परीक्षा के दौरान किसी पद के लिए अनफिट पाया गया, तो उसे "अनफिट" घोषित किए जाने के कारणों के साथ अपनी चिकित्सा स्थिति को भी घोषित करने की आवश्यकता होगी। यदि उम्मीदवार निगम के किसी अन्य स्थान/पद पर आवेदन करता है/रोज़गार/नियुक्ति चाहता है, तो ऐसी जानकारी को छिपाने पर उम्मीदवार की उम्मीदवारी को अस्वीकार किया जा सकता है।

ड) सामान्य दिशानिर्देश:

1. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले शैक्षिक योग्यता एवं अन्य पात्रता मानदंड हेतु विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ने की सलाह दी जाती है।
2. नियम/दिशानिर्देश, जो सरकार द्वारा निर्धारित/निगम द्वारा समय–समय पर बनाए गए हों, लागू होंगे।
3. उम्मीदवारों को सूचना दी जाती है कि इस विज्ञापन के संबंध में यदि कोई भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट/नोटिस इत्यादि जारी होगा तो वह केवल वेबसाइट www.iocl.com पर प्रकाशित किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम अपडेट के लिए समय–समय पर उपरोक्त वेबसाइट देखते रहें।
4. वे उम्मीदवार जो सरकारी/सरकारी विभाग/पीएसयूएस/स्वायत्त निकाय में कार्यरत हैं, तो उन्हें कौशल/प्रवीणता/शारीरिक परीक्षण (यदि उसका चयन किया जाता है तो) के दौरान "अनापत्ति प्रमाण पत्र" जमा करना होगा। यदि वे ऐसा करने में असमर्थ रहते हैं तो उन्हें कौशल/प्रवीणता/शारीरिक परीक्षण में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे उम्मीदवारों को यदि नियुक्ति का प्रस्ताव दिया जाता है, तो उन्हें ज्वाइनिंग के दौरान अपने नियोक्ता से एक "कार्यभार मुक्ति आदेश" जमा करना होगा। इसके बिना उन्हें ज्वाइनिंग नहीं करने दिया जाएगा।
5. सामान्य, ईडब्ल्यूएस और अ.पि.व. (एनसीएल) उम्मीदवारों को **केवल एसबीआई ई–कलेक्ट के** माध्यम से आवेदन शुल्क (अप्रतिदेय) के रूप में 150/– (एक सौ पचास रुपये) **का भुगतान करना** आवश्यक है। उम्मीदवार को लागू दर पर बैंक शुल्क स्वयं वहन करना है।
6. एसबीआई ई–कलेक्ट पोर्टल पर शुल्क लेने और भुगतान करने का तरीका इस प्रकार है:

   सबसे पहले https://www.onlinesbi.com/sbicollect/ पर लॉग ऑन करें, जिसके बाद कॉर्पोरेट राज्य में **ऑल इंडिया** चुनें, कॉर्पोरेट टाइप में पीएसयू चुनें और **पी.एस.यू.** के रूप में **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल)** का नाम चुनें, जिसके बाद भुगतान श्रेणी में संबंधित रिफाइनरी का चयन करें जिसके लिए उम्मीदवार ने रिफाइनरी के अधिसूचित संबंधित पद का आवेदन किया है। आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि दिनांक 12.10.2021 **(सायं 17:00 बजे)** तक है।

ढ) आवेदन कैसे करें : ऑनलाइन आवेदन

1. ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, उम्मीदवार के पास एक कार्यरत ईमेल आईडी और एक मोबाइल नं. होना चाहिए, जो भविष्य में पत्राचार (जिसमें कॉल लेटर भी शामिल है) के लिए कम से कम बारह महीने के लिए वैध रहना चाहिए।
2. उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन करने से पहले आयु, योग्यता, जाति, अनुभव, विकालांगता प्रमाण पत्र (जहां लागू हो), पासपोर्ट साइज़ आकार की रंगीन फोटो की स्कैन कॉपी और हस्ताक्षर जेपीजी प्रारूप (आकार में 50 केबी से अधिक नहीं होनी चाहिए) से संबंधित सभी प्रासंगिक दस्तावेज़/प्रमाण पत्र इत्यादि तैयार करके रखने चाहिए। फोटो एवं हस्ताक्षर को डिजिटल प्रारूप में अपलोड करना होगा।
3. पद संबंधी निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले उम्मीदवार, www.iocl.com की वेबसाइट पर जाएं। जिसके बाद **What's New' >** पर जाए। जिसके बाद **Requirement of Experienced Non-Executive Personnel 2021 in IOCL, Refineries Division** पर जाएं। **"Detailed advertisement" (to refer to the Advertisement)** पर क्लिक करें। उसके बाद **"Click here to Apply Online" (to fill online application form)** पर क्लिक करें। ऑनलाइन पोर्टल दिनांक **21.09.2021 को (प्रातः 10:00 बजे) से दिनांक 12.10.2021 (सायं 17:00 बजे)** तक खुला रहेगा। **केवल ऑनलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।** उम्मीदवार के साथ भविष्य में सभी पत्राचार केवल वेबसाइट/ईमेल/मोबाइल फोन के माध्यम से किए जाएंगे।
4. उम्मीदवारों को अपना ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने और उसको आखिरी बार जमा करने से पहले अपनी सही–सही जानकारी/विवरण देना सुनिश्चित करना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरी/दी गई जानकारी/विवरण के लिए उम्मीदवार पूरी तरह से/विशेष रूप से ज़िम्मेदार होगा।
5. ऑनलाइन आवेदन को सफलतापूर्वक जमा करने के बाद, उम्मीदवारों को **सामान्य डाक द्वारा** निम्नलिखित दस्तावेजों को **रिफाइनरी में, जिसके लिए आवेदन कर रहे हैं** संबंधित प्राधिकारी (जैसा कि नीचे खंड संख्या ढ (7) में तालिका में उल्लिखित है) को भेजने की आवश्यकता है ताकि वे **दिनांक 23.10.2021** पर पहुंच जाए।

   (क) ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट, विधिवत् हस्ताक्षरित

   (ख) एक स्व–सत्यापित किया हुआ रंगीन फोटोग्राफ

   (ग) निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां:

   i. माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी मैट्रिक/उच्च माध्यमिक प्रमाण पत्र।

   ii. संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा 12वीं कक्षा की मार्कशीट/एनसीवीटी या एससीवीटी द्वारा जारी आईटीआई (फिटर) या विश्वविद्यालय/संस्थान (जैसा लागू हो) द्वारा जारी सब ऑफिसर कोर्स/स्नातक/ इंजीनियरिंग में डिप्लोमा के सभी सेमेस्टर सहित या वार्षिक मार्कशीट।

   iii. संबंधित शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा का प्रमाण पत्र, एनसीवीटी या एससीवीटी द्वारा जारी अंतिम आईटीआई (फिटर) प्रमाण पत्र/संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान (जैसा लागू हो) द्वारा सब ऑफिसर कोर्स/स्नातक/इंजीनियरिंग में डिप्लोमा जारी फाइनल या अनंतिम पास प्रमाण पत्र।

   iv. संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान से सीजीपीए/ओजीपीए/लेटर ग्रेड से अंकों के प्रतिशत में परिवर्तन का प्रमाणपत्र, (यदि लागू हो)।

   v. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांगता प्रमाण पत्र/अ.पि.व. (एनसीएल) प्रमाण पत्र "घोषणा" सहित/ईडब्ल्यूएस–आय और संपत्ति प्रमाण पत्र/"आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार के लिए घोषणा" करने के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य है। प्रमाणपत्र निर्धारित प्रारूप (वेबसाइट www.iocl.com और www.iocrefrecruit.in पर उपलब्ध है) में होना चाहिए और सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए।

   vi. अनुभव प्रमाण पत्र या प्रस्ताव पत्र की प्रति, नियुक्ति पत्र, सैलरी स्लिप, वेतन पत्र, इंक्रीमेंट पत्र, कार्यभार मुक्ति पत्र इत्यादि जो कि अुनभव की अवधि को सत्यापित करें। अनुभव दस्तावेज़ों से साफ तौर पर अनुभव की अवधि एवं वांछित अनुभव की प्रासंगिकता प्रदर्शित होनी चाहिए।

   vii. बड़ी औद्योगिक प्रतिष्ठानों के अधीन अनुभव का दावा करने के लिए अंतिम प्रकाशित बैलेंस शीट से संबंधित पृष्ठ की एक कॉपी। वे उम्मीदवार, जो प्रत्यक्ष या किसी एजेंसी (जिसमें ठेकेदार भी शामिल हो सकता है) के माध्यम से बड़ी औद्योगिक कम्पनी में नियुक्त हुए है ऐसे उम्मीदवारों को एजेंसी/ठेकेदार को जारी किए गए कार्य आदेश की एक कॉपी के अलावा बड़ी औद्योगिक कम्पनी की बैलेंस शीट से संबंधित पृष्ठ प्रस्तुत करना आवश्यक है।

   viii. पूर्व सैनिकों के मामले में योग्यता का प्रमाण (समतुल्यता)/कार्य अनुभव के समान क्षेत्र की स्व–घोषणा/सेवा प्रमाण पत्र/सेवा मुक्ति का प्रमाण पत्र।

   ix. नियोजित अधिकारियों के लिए प्रमाण पत्र का विधिवत् संपूर्ण प्रोफार्मा – भूतपूर्व सैनिकों की **श्रेणी से संबंधित** उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किया जाना है, जैसा लागू हो {कृपया खंड संख्या ड (8) देखें}

   x. पूर्व सैनिक **की श्रेणी** के अंतर्गत सिविल पदों के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों द्वारा दिए जाने वाली अंडरटेकिंग से संबंधित विधिवत् संपूर्ण आवेदन–भूतपूर्व सैनिकों से संबंधित उम्मीदवारों द्वारा प्रस्तुत किया जाना है, जैसा लागू हो {कृपया खंड संख्या ड (9) देखें}

   xi. फोटो पहचान पत्र (आधार कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर आईडी/पैन कार्ड/पासपोर्ट)

   इसके अलावा, सभी उम्मीदवारों को परीक्षा तिथि वाले दिन अर्थात **24.10.2021** को लिखित परीक्षा स्थल पर उपर्युक्त दस्तावेजों का एक सेट {जैसा कि खण्ड सं. ढ (5) में उल्लिखित है} लाना और जमा करना आवश्यक है।

6. यदि किसी उम्मीदवार का ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट उपरोक्त खण्ड सं. ढ (5) में उल्लिखित अन्य सभी दस्तावेज़ों के साथ रिफाइनरी में दिनांक **23.10.2021** तक सामान्य डाक द्वारा प्राप्त नहीं होता है अथवा दिनांक **24.10.2021** को लिखित परीक्षा स्थल पर वह अपने इन दस्तावेज़ों को नहीं लाता है तो उसकी उम्मीदवारी को बिना किसी पत्राचार के सरसरी तौर पर खारिज कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा सामान्य डाक के माध्यम से दस्तावेज भेजते समय या लिखित परीक्षा स्थल पर दस्तावेज जमा करते समय लिफाफे के सबसे ऊपर मोटे अक्षरों में पद का नाम, पोस्ट कोड और जिस रिफाइनरी में आवेदन कर रहे हैं, उसका नाम लिखा जाना अनिवार्य है।
7. सामान्य **डाक द्वारा निर्दिष्ट** दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट भेजते समय, उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिस रिफाइनरी के लिए आवेदन किया गया है, उस **रिफाइनरी के संबंधित** प्राधिकारी को आवेदन भेजा गया है। रिफाइनरी यूनिट्स के पते नीचे संलग्न किए गए है :

रिफाइनरी	पता
गुवाहाटी रिफाइनरी	The Advertiser, Guwahati GPO, Post Box No -21, Meghdoot Bhawan, Panbazar, Guwahati – 781001 (Assam)
बरौनी रिफाइनरी	Dy. General Manager (HR), Indian Oil Corporation Limited, Barauni Refinery, P.O. Barauni Oil Refinery, Dist. Begusarai - 851114 (Bihar)
गुजरात रिफाइनरी	Dy. General Manager (HR), Indian Oil Corporation Limited, Gujarat Refinery, P.O. Jawahar Nagar, Dist. Vadodara - 391320(Gujarat)
हल्दिया रिफाइनरी	Deputy General Manager(HR), Indian Oil Corporation Limited, Haldia Refinery, PO: Haldia Oil Refinery, Dist: Purba Medinipur- 721606 (West Bengal)
मथुरा रिफाइनरी	The Advertiser – IOCL Mathura Refinery, Post Box No : 02, Mathura HPO, Mathura - 281001 (Uttar Pradesh)
पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स	Post Box No. 128, Panipat Head Post Office, Panipat - 132103 (Haryana)
डिगबोई रिफाइनरी	Sr. Employee Relations Manager, Indian Oil Corporation Limited, Assam Oil Division, Digboi Refinery, PO: Digboi, Dist. –Tinsukia – 786171(Assam
बोंगाईगांव रिफाइनरी	Sr Employee Relations Manager, HR Department, Bongaigaon Refinery, Indian Oil Corporation Limited, P.O. Dhaligaon, Dist. Chirang - 783385 (Assam)
पारादीप रिफाइनरी	Dy. General Manager (HR), Indian Oil Corporation Limited, Paradip Refinery, At/Po- Jhimani Via – Kujanga, Dist. –Jagatsinghpur – 754141 (Odisha)

(शेष पृष्ठ 8 पर)

पूर्वी कमांड सिग्नल रेजीमेंट

फोर्ट विलियम, कोलकाता-700021

रोज़गार सूचना

1. निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित अनुसार अपेक्षित योग्यता को पूरा करने वाले भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. सभी रूप में विधिवत पूर्ण आवेदन के साथ विधिवत स्वसत्यापित सभी अपेक्षित दस्तावेज **कमांडिंग अधिकारी, ईसीएसआर, फोर्ट विलियम, कोलकाता-700021** के पास भेजे जाने चाहिए और रजिस्टर्ड डाक/स्पीड डाक द्वारा भेजे जाएं.

पद का नाम और वेतन मैट्रिक्स में लेवल	पदों की संख्या	श्रेणी वार वितरण				
		अना	अजा	अजजा	अपिव	ईब्ल्यूएस
बावर्ची लेवल-02, (रुपये 19900- 63200)	02	-	-	-	01	01
धोबी लेवल-01, (रुपये 18000-56900)	03	02	-	-	01	-
		भूपूसे के लिए 01 पद आरक्षित				
नाई लेवल-01, (रुपये 18000-56900)	02	01	-	01	-	-
स्वीपर लेवल-01, (रुपये 18000-56900)	02	01	01	-	-	-
मेसेंजर लेवल-01, (रुपये 18000-56900)	01	-	01	-	-	-
कुल	10	04	02	01	02	01

2. योग्यता

व्यवसाय	मानदंड
बावर्ची	(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष. (ii) भारतीय खाना बनाने और व्यवसाय में प्रवीणता होनी चाहिए. (iii) व्यवसाय कार्य में दो वर्ष का अनुभव.
धोबी	(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष. (ii) व्यवसाय में अनुभव के साथ धोबी के कार्यों से अच्छी तरह अवगत होना.
नाई	(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष. (ii) व्यवसाय में अनुभव के साथ नाई के कार्यों से अच्छी तरह अवगत होना.
स्वीपर	(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष. **वांछनीय:** व्यवसाय में अनुभव के साथ सफाईवाला के कार्यों से अच्छी तरह अवगत होना.
मेसेंजर	(i) मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से मैट्रिक या इसके समकक्ष. **वांछनीय :** कम्प्यूटर में डिप्लोमा, अच्छी टाइपिंग स्पीड और कम्प्यूटर एप्लीकेशन्स में ज्ञान को प्राथमिकता दी जाएगी.

3. आयु सीमा : (01 सितंबर 2021 के अनुसार)

क. 01 सितम्बर 2021 के अनुसार 18-25 वर्ष.

ख. आयु सीमा में छूट : (i) अपनी श्रेणी में आवेदन करने वाले अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए पांच वर्ष.
(ii) अपनी श्रेणी में आवेदन करने वाले अपिव उम्मीदवारों के लिए तीन वर्ष.

ग. मौजूदा सरकारी नियमानुसार भूतपूर्व सैनिक के लिए.

घ. आयु सीमा निर्धारित करने की निर्णायक तिथि, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी.

च. आयु में छूट केवल उन उम्मीदवारों के लिए लागू होगी जो जाति/श्रेणी के वैध प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हैं.

4. शुल्क : कमांडिंग अधिकारी, ईसीएसआर, फोर्ट विलियम के पक्ष में प्रत्येक आवेदन के लिए रुपये 100/- के मूल्य का डिमांड ड्राफ्ट.

5. फोटो: आवेदन पत्र और प्रवेशपत्र पर चिह्नित स्थान पर 05 पासपोर्ट आकार स्वसत्यापित फोटो (3 माह से अधिक पुराना ना हो) चिपकाए जाएं.

6. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि : 24 अक्टूबर, 2021 है। कमांडिंग अधिकारी, पूर्वी कमांड सिग्नल रेजीमेंट किसी भी डाक विलंब के लिए जिम्मेदार नहीं होगा.

7. परीक्षा की योजना : क. चयन निम्नानुसार लिखित परीक्षा/व्यावहारिक परीक्षा के आधार पर ही किया जाएगा:

(i) टियर-I (लिखित परीक्षा): (100 अंक): लिखित परीक्षा में शैक्षिक योग्यता के मानक के अनुसार नीचे दिए गए अनुसार चार भाग होंगे:

पेपर	विषय	प्रश्न की संख्या	अंक
भाग-I	सामान्य जागरूकता	25	25
भाग-II	सामान्य अंग्रेजी	25	25
भाग-III	संख्यात्मक अभिक्षमता	25	25
भाग-IV	सामान्य बुद्धिमत्ता तर्कशक्ति	25	25

उम्मीदवारों को टियर-I (लिखित परीक्षा) के आधार पर अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा.

टियर - II (व्यावहारिक परीक्षा) केवल अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों के लिए आयोजित होगी.

(ii) टियर-II (व्यावहारिक परीक्षा)(100 अंक): व्यावहारिक परीक्षा व्यवसाय के ज्ञान के अनुसार आयोजित होगी.

(iii) टियर-I और टियर-II परीक्षा के लिए चयनित उम्मीदवारों की योग्यता सूची के अनुसार संयुक्त योग्यता तैयार की जाएगी.

8. आवेदकों के लिए महत्वपूर्ण अनुदेश :

क. परीक्षा की तिथियां पात्र उम्मीदवारों को बुलावा पत्र द्वारा बाद में सूचित कर दी जाएगी.

ख. लिखित परीक्षा और व्यावहारिक परीक्षा के लिए प्रस्तुत होने वाले उम्मीदवारों को अपने खर्चे पर यात्रा करनी होगी.

ग. डाक विलंब के कारण या अन्य किसी कारण से आवेदन या बुलावा पत्र की अप्राप्ति के लिए प्रस्तुतिकरण पर विचार नहीं किया जाएगा.

घ. प्रत्येक आवेदन पर स्पष्ट रूप से **''पद हेतु आवेदन''** के साथ श्रेणी (अना/अजा /अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस) भूतपूर्व सैनिक सहित यदि कोई है, बड़े अक्षरों में आवेदन के उल्टे हाथ के कोने पर लिखा होना चाहिए.

च. पूर्ण सेवामुक्ति पुस्तिका की स्वसत्यापित फोटोप्रति के साथ इस आवेदन में दिए गए अनुसार प्रारूप में वचनपत्र, भूतपूर्व सैनिक द्वारा संलग्न किया जाए.

छ. ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवारों को संबंधित प्राधिकारी से आय/संपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.

9. निम्नलिखित मामलों में आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा :

क. केन्द्र/राज्य सरकार/पीएसयू में कार्यरत उम्मीदवारों से प्राप्त आवेदन उचित माध्यम से भेजे जाने चाहिएं और अपने प्रतिष्ठान से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी)'' और अनुशासनिक/सतर्कता अनापत्ति संलग्न किए जाने चाहिए. इन दस्तावेजों के बिना आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा.

ख. शैक्षिक योग्यता, अनुभव, जाति प्रमाणपत्र, ईडब्ल्यूएस के लिए आय प्रमाणपत्र, जन्मतिथि प्रमाणपत्र, आधार, उम्मीदवारों द्वारा विधिवत स्वसत्यापित भूपूसै प्रमाणपत्र के अद्यतन समर्थित दस्तावेज द्वारा विधिवत समर्थित आवेदन. प्रमाणपत्र ना जमा करने, या झूठे प्रमाणपत्र संलग्न करने पर आवेदन को अस्वीकार कर दिया जाएगा और कोई सूचना नहीं दी जाएगी.

ग. अपूर्ण या हस्ताक्षर के बिना आवेदन और आवेदन पर उल्टे/सीधे हाथ के अंगूठे के निशान के बिना, प्रमाणपत्रों की स्वसत्यापित प्रतियों के बिना **कमांडिंग अधिकारी, ईसीएसआर फोर्ट, विलियम, कोलकाता-21** पर प्राप्त आवेदनों को अस्वीकार कर दिया जाएगा. आवेदन की अंतिम तिथि के बाद प्राप्त या विधिवत स्वसत्यापित फोटो के बिना या डीडी संलग्न किए बिना आवेदन को सरसरी तौर पर अस्वीकार कर दिया जाएगा और इस संदर्भ में किसी भी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा. आवेदन की अस्वीकृति के मामले में उम्मीदवारों को सूचित नहीं किया जाएगा.

घ. उम्मीदवार द्वारा आवेदन को अंग्रेजी या हिन्दी में भरा जा सकता है.

10. सभी आवेदकों को चेतावनी : कुछ अनैतिक तत्व उम्मीदवार अवैध परितोषण द्वारा पूर्वी कमांड सिग्नल रेजीमेंट में नियुक्ति प्राप्त करने के आश्वासन के साथ आ सकते हैं. उम्मीदवार ऐसे झूठे आश्वासन या शोषण का शिकार ना बनें और किसी भी तरह से इन तत्वों को बढ़ावा ना दें, यह जोर और पुनः आश्वासित किया जाता है कि चयन पारदर्शिता तरीके से केवल योग्यता पर होगा.

कमांडिंग अधिकारी, ईसीएसआर

आवेदन प्रारूप

पद हेतु आवेदन:

सेवा में,
कमांडिंग अधिकारी,
पूर्वी कमांड सिग्नल रेजीमेंट
फोर्ट विलियम, कोलकाता-700012

नोट : सभी कॉलमों को केवल बड़े अक्षरों में भरा जाए.

1. पूरा नाम (मैट्रिक/एसएससी प्रमाणपत्र में लिखे अनुसार)
2. पिता/पति का नाम :..
3. माता का नाम :..
4. जन्मतिथि (मैट्रिक प्रमाणपत्र के अनुसार) :..
5. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि के अनुसार आयुः वर्ष..................माह ....दिन...............
6. श्रेणी (अजा/अजजा/अपिव/अना) : ....
7. राष्ट्रीयता :..
8. धर्म :..
9. नजदीकी रेलवे स्टेशन के साथ पत्राचार हेतु पिन कोड के साथ पता (बड़े अक्षरों में)
10. मोबाइल नं./एसटीडी कोड के साथ लैंडलाइन नं. : ....
11. आधार कार्ड सं.(एक स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें) :..
12. ईमेल आईडी :..
13. अकादमिक/तकनीकी और वृत्तिक योग्यताओं का विवरण

परीक्षा	वर्ष	परीक्षा के मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/ बोर्ड का नाम	प्राप्त अंकों का %	श्रेणी	अभ्युक्तियां

(उक्त के समर्थन में प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियां संलग्न की जाएं)

14. अनुभव, यदि कोई है.
15. सरकारी कर्मचारियों का विवरण

घोषणा

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूं कि आवेदन में दिए गए सभी कथन मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुरूप सत्य, पूर्ण और सही है. यदि लिखित परीक्षा/ कौशल परीक्षा से पहले कोई भी जानकारी झूठी/गलत/अपात्रता पाई जाती है तो मेरी उम्मीदवारी स्वतः रद्द मानी जाएगी.

उम्मीदवार के हस्ताक्षर : ....

संलग्नक : 1. डीडी सं. .... तिथि .... रुपये 100/- हेतु

2. प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रतियां: ( ) शीट्स

पुरुष उम्मीदवार के उल्टे हाथ के अंगूठे का निशान

महिला उम्मीदवार के सीधे हाथ के अंगूठे का निशान

सभी रूप में पूर्ण आवेदन के साथ विधिवत स्वसत्यापित सभी अपेक्षित दस्तावेज **कमांडिंग अधिकारी, एचक्यू पूर्वी कमांड सिग्नल रेजीमेंट, फोर्ट विलियम, कोलकाता-21** के पास अग्रेषित किए जाएं.

प्रवेशपत्र

(उम्मीदवार द्वारा पूर्ण किया जाए)

रोल सं. ....

केवल कार्यालय प्रयोग हेतु

1. आवेदित पद का नाम : ....
2. उम्मीदवार का नाम : ....
3. पिता का नाम : ....
4. श्रेणी, जिससे संबंधित हैं (अना/ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव) : ....
5. आवेदित श्रेणी (अना/ईडब्ल्यूएस/अजा/अजजा/अपिव) : ....
6. मोबाइल नंबर/फोन नंबर के साथ एसटीडी कोड : ....
7. पिन कोड संख्या के साथ पत्राचार पता : ....

रोजगार के अवसर
(संक्षिप्त जानकारी)

आइआइटी हैदराबाद
पद - एग्जीक्यूटिव इंजीनियर आदि
पद संख्या - कुल 24 पद
अंतिम तिथि - 11 अक्टूबर, 2021
https://staff.recruitment.iith.ac.in/

एनआइएसइआर भुवनेश्वर
पद - असिस्टेंट पर्सनल ऑफिसर
पद संख्या - कुल 05 पद
अंतिम तिथि - 15 नवम्बर, 2021
https://www.niser.ac.in/

ऑयल इंडिया लिमिटेड
पद - सुप्रिंटेंडिंग इंजीनियर आदि
पद संख्या - कुल 35 पद
अंतिम तिथि - 10 अक्टूबर, 2021
https://www.oil-india.com/

आइटीबीपी-एमओएसबी
पद - मेडिकल ऑफिसर एंड डेंटल सर्जन
पद संख्या - कुल 553 पद
अंतिम तिथि - 27 अक्टूबर, 2021
https://recruitment.itbpolice.nic.in/

आइआरइएल इंडिया लिमिटेड
पद - ग्रेजुएट ट्रेनी, डिप्लोमा ट्रेनी आदि
पद संख्या - कुल 54 पद
अंतिम तिथि - 5 अक्टूबर, 2021
https://www.irel.co.in/

चित्तरंजन लोकोमोटिव वर्क्स
पद - एक्ट अप्रेंटिस
पद संख्या - कुल 492 पद
अंतिम तिथि - 03 अक्टूबर, 2021
https://clw.indianrailways.gov.in/

बीएआरसी
पद - ड्राइवर कम पम्प ऑपरेटर आदि
पद संख्या - कुल 20 पद
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2021
http://www.barc.gov.in/

इंडियन नेवी
पद - पायलट व अन्य आदि
पद संख्या - कुल 181 पद
अंतिम तिथि - 15 अक्टूबर, 2021
www.joinindiannavy.gov.in

सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी

1. हाल ही में किसने राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 34वें महानिदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया है?
   (अ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव चोपड़ा
   (ब) लेफ्टिनेंट जनरल तरूण कुमार
   (स) लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह
   (द) लेफ्टिनेंट जनरल पी.पी. मल्होत्रा

2. हाल ही में ग्रेमी अवॉर्ड में सर्वश्रेष्ठ एलबम का अवॉर्ड किसे दिया गया?
   (अ) द क्राउन (ब) फॉक्लार
   (स) अ तथा ब दोनों (द) कोई नहीं

3. पाकिस्तान से आयात होने वाली साजी के पौधे की खेती देश में पहली बार कहाँ शुरु हुई है?
   (अ) बीकानेर (ब) जोधपुर
   (स) जैसलमेर (द) बाड़मेर

4. चर्चा में रहा मजार-ए-शरीफ़ शहर किस देश में स्थित है?
   (अ) ईरान (ब) अफगानिस्तान
   (स) पाकिस्तान (द) सीरिया

5. वर्ष 2024 के ओलंपिक खेलों का आयोजन कहाँ किया जाएगा?
   (अ) रियो डी जेनेरियो (ब) पेरिस
   (स) लॉस एंजिल्स (द) ब्रिसबेन

6. वर्तमान में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष कौन है?
   (अ) संगीता गहलोत (ब) रेखा शर्मा
   (स) कमलेष गौतम (द) सुनीता देवी

7. राजस्थान में राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी कहाँ खोला जाएगा।
   (अ) जयपुर (ब) बीकानेर
   (स) जोधपुर (द) कोटा

8. भीखा भाई सागवाड़ा नहर किस नदी से निकाली गई है?
   (अ) सोम (ब) लूनी
   (स) जाखम (द) माही

9. पिछवाई हस्तशिल्प कला कहाँ की प्रसिद्ध है?
   (अ) अलवर (ब) चुरू
   (स) नाथद्वारा (द) पुष्कर

10. सितम्बर 2021 तक सौर ऊर्जा क्षमता में देश का प्रथम राज्य बना है?
    (अ) त्रिपुरा (ब) मणिपुर
    (स) तमिलनाडु (द) राजस्थान

11. राजस्थान में सर्वाधिक पशुधन किस जिले में है?
    (अ) बारां (ब) बाड़मेर
    (स) झालावाड़ (द) अजमेर

12. राजस्थान में किस स्थान पर दूसरा जापानी पार्क बनाया जा रहा है?
    (अ) खुशखेड़ा, अलवर (ब) नीमराना, अलवर
    (स) घिलोट, अलवर (द) सीतापुरा, जयपुर

13. मेवाड़ का आधुनिक इतिहासकार किसे कहाँ जाता है?
    (अ) आदर्श लाल श्रीवास्तव (ब) गंगा सिंह
    (स) जॉर्ज थॉमस (द) कर्नल जेम्स टॉड

14. समुद्र के पानी से कौनसी धातु निकाली जाती है?
    (अ) पोटैशियम (ब) मैग्नीशियम
    (स) एलुमिनियम (द) बेरिलियम

15. वह चुनिए जो मिश्रण नहीं है?
    (अ) वायु (ब) गैसोलीन
    (स) एल.पी.जी. (द) आसुत जल

उत्तरमाला

1(स) 2(ब) 3(अ) 4(ब) 5(ब) 6(ब) 7(अ) 8(द)
9(स) 10(द) 11(ब) 12(स) 13(अ) 14(ब) 15(द)

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(पृष्ठ 6 का शेष)

8. ऑनलाइन आवेदन और डाक द्वारा भेजे गए दस्तावेजों के संबंध में उम्मीदवार इस बात पर ध्यान दें कि यदि वे खंड ढ (7) में निर्दिष्ट पते के अलावा किसी अन्य पते पर भेजा जाता है या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ईमेल/कूरियर आदि द्वारा भेजा जाता है (अर्थात साधारण डाक के अलावा अन्य माध्यम से भेजा जाता है) तो वह स्वतः अस्वीकृत हो जाएगा।
9. अपूर्ण आवेदन, आवेदन जो प्रासंगिक दस्तावेज़ों के बिना होंगे, आवेदन जो पात्रता मानदंड को पूरा ना करते हों या निर्धारित तिथि तक साधारण डाक द्वारा (भौतिक रूप में) या परीक्षा स्थल पर ना प्राप्त होने वाले आवेदनों को बिना कोई विचार किए अस्वीकार कर दिया जाएगा।
10. किसी भी कारण से आवेदन शुल्क (सामान्य, ईडब्ल्यूएस और ओबीसी श्रेणी के उम्मीदवारों के लिए लागू) प्राप्त नहीं होने की स्थिति में, उनकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी और आगे कोई विचार नहीं किया जाएगा। आईओसीएल एसबीआई ई–कलेक्ट पेमेंट गेटवे में किसी भी गड़बड़ी या गेटवे के माध्यम से भुगतान की विफलता/ट्रांज़ेक्शन नंबर जनरेट न होने पर किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होगा।
11. उम्मीदवारों को सभी प्रमाणपत्रों की मूल और स्व–सत्यापित प्रतियों के साथ ऑनलाइन आवेदन की एक प्रति सत्यापन के लिए SPPT के समय (यदि SPPT के लिए चयनित किया जाता है तो) प्रस्तुत करना होगा।
12. लिखित परीक्षा और SPPT (यदि चयनित किया जाता है तो), कॉल लेटर/एडमिट कार्ड, रिज़ल्ट इत्यादि की आगे की जानकारी www.iocl.com वेबसाइट के माध्यम से/ई–मेल द्वारा दी जाएगी इसलिए उम्मीदवारों को नियमित रूप से वेबसाइट देखने की सलाह दी जाती है।
13. अमान्य/गलत ईमेल आईडी/मेलबॉक्स के भरे होने/उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत संपर्क विवरण इत्यादि के कारण होने वाली किसी भी हानि/ईमेल का/किसी भी अन्य संचार का सही प्रकार से ना पुहंचने के लिए आईओसीएल जिम्मेदार नही होगा।
14. किसी भी तरह की सिफारिश करने पर उम्मीदवार को अयोग्य करार कर दिया जाएगा। विज्ञापन से सम्बन्धित प्रश्न/स्पष्टीकरण, यदि वांछित हो, निम्नलिखित ईमेल आईडी और नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

प्रश्न/स्पष्टीकरण(णों) के लिए

यूनिट	संपर्क नं.	ईमेल आईडी
गुवाहाटी रिफाइनरी	0361-2657001	grrecruitment@indianoil.in
बरौनी रिफाइनरी	06243-275259, 275242, 275266	brrecttcell@indianoil.in
गुजरात रिफाइनरी	0265-2238154	jr-recruitment@indianoil.in
हल्दिया रिफाइनरी	03224-223262/223271/223268	hrrectt@indianoil.in

यूनिट	संपर्क नं.	ईमेल आईडी
मथुरा रिफाइनरी	0565 -241-7137/7143/8153	mr_recruitment@indianoil.in
पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स	0180-252 – 2048/2037/2035	prpcrecruitment@indianoil.in
डिगबोई रिफाइनरी	03751-263133/ 03751-263131	drperreccell@indianoil.in
बोंगाईगांव रिफाइनरी	03664-254871	bgrrecruit@indianoil.in
पारादीप रिफाइनरी	06722-252040	pdrp-recruitment@indianoil.in

उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण तिथियां	
• ऑनलाइन आवेदन के लिए पोर्टल खुलने की तिथि :	21.09.2021 (प्रातः 10:00 बजे से)
• ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :	12.10.2021 (सायं 17:00 बजे तक)
• पीडब्ल्यूबीडी उम्मीदवारों के लिए स्क्राइब के लिए निर्धारित प्रोफार्मा ईमेल के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि {देखें खंड ड (7)} :	18.10.2021 (सायं 17:00 बजे तक)
• ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंट आउट के साथ सभी सहायक दस्तावेज़ों की कॉपी प्राप्त करने की तिथि	
• (क) साधारण डाक द्वारा :	23.10.2021 तक
• (ख) लिखित परीक्षा स्थल पर :	24.10.2021 को
• लिखित परीक्षा की संभावित तिथि :	24.10.2021
• लिखित परीक्षा परिणाम के प्रकाशन की संभावित तिथि (SPPT के लिए शॉर्टलिस्ट) :	11.11.2021 तक

वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक

राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
महेश शर्मा
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
हरी राम बडगूजर
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर,
गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्त्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-हरी राम बडगूजर